पेज थ्री देहरादून



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### शहीदों को अर्पित की भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। अखिल गढ़वाल सभा द्वारा भारत–चीन सीमा पर गलवान घाटी में देश के 20 वीर जवानों को उनके सर्वोच्च बलिदान पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वीरों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर सभा अध्यक्ष रोशन धस्माना ने कहा कि देश के 20 वीर सपूतों ने जो बलिदान दिया है वह व्यर्थ नहीं जाएगा।

### सामाजिक कार्यकर्ताओं व छात्रों की रिहाई को धरना

**संवाददाता** देहरादून। पीपुल्स फोरम उत्तराखंड का श्रम कानून के निलबंन व संसोधन तथा उप्पा कानून के अंतर्गत गिरफ्तार किए सामाजिक कार्यकर्ताओं व छात्रों की रिहाई की मांग को लेकर 38 वें दिन धरना जारी रहा। इस अवसर पर केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर फोरम के संयोजक जयकृत कंडवाल ने कहा कि श्रम कानून के साथ साथ जिस प्रकार केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार व भाजपा व कांग्रेस शासित प्रदेश सरकारे जिस प्रकार मजदूरों के कानून के साथ जितनी शीघ्रता से तोड़ने का काम कर रही है।

### मोहनपुर वृद्ध आश्रम जाकर कांग्रेसियों ने की सेवा, वितरित किये फल

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के जन्मदिवस प्रेमनगर कांग्रेस कमेटी ने वृद्धजनों की सेवा करके मनाया कांग्रेसजनों ने मोहनपुर वृद्धआश्रम जाकर वृद्धजनों की सेवा कर उन्हे फल वितरित किये। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने बताया कि जैसा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने मौजूदा समय मे देश फैली कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी व लद्दाख में शहीद हुए भारतीय सेना के जवानों की शहादत को देखते हुए अपना जन्मदिन ना मनाने मध्यनजर जन्मदिन सेवा दिवस के रुप में मनाया गया।

### शिविर में सैकड़ों युवाओं ने किया रक्तदान

**संवाददाता** देहरादून। भैरव सेना के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खत्री के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकडों की संख्या में युवाओं एवं कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर में प्रतिभाग किया। भैरव सेना के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खत्री ने बताया कि रक्तदान शिविर के व्यवस्था प्रमुख भैंरव सेना हरबर्टपुर प्रभारी विशाल जयसवाल तथा महंत इंद्रेश हॉस्पिटल के द्वारा संचालित ब्लड बैंक के जनसंपर्क अधिकारी मोहित चावला रक्तदान शिविर के मार्गदर्शक रहे।

## घर पर रहकर परिवार के साथ करें योगः प्रेमचन्द अग्रवाल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। अग्रवाल ने कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के चलते प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि सामाजिक दूरी का पालन करते हुए घर पर रह कर ही परिवार के साथ योग करें। अपने संदेश में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है कि योग वस्तुतः शरीर, मन और आत्मा को शुद्ध करने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि योग का उल्लेख हमारे प्राचीन साहित्य में मिलता है। हमारे ऋषि मुनियों ने हजारों साल पहले शरीर को स्वस्थ और निरोग रखने के लिए अनेक विधियों की खोज की थी।

अग्रवाल ने कहा कि मौजूदा समय में कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में मजबूत इम्यूनिटी ही हमारे लिए, हमारे परिवार के लिए कोविड–19 से बचने के लिए सुरक्षा कवच है। इस सुरक्षा कवच को बनाने में योग से बढ़कर कुछ नहीं है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से सारी दुनिया ने योग की शक्ति को माना है और प्रधानमंत्री योग द्वारा सारी दुनिया को जोड़ने का काम कर रहे हैं। इस साल की थीम घर पर योग और परिवार के साथ योग है। उन्होंने साथ ही लोगों से डिजिटल योग से जुड़ने एवं योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की है।

# हम सब लोग अपने घरों में योग करें: मुख्यमंत्री

**योग दिवस**

मुख्यमंत्री ने किया योगाभ्यास | अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी से योग करने का किया अनुरोध



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी। शनिवार को सीएम ने योगाभ्यास किया। साथ ही प्रदेश वासियों से विश्व योग दिवस के अवसर एक घंटा अवश्य योगाभ्यास करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल प्रयासों से सारा विश्व 21 जून को योग दिवस के रूप में मना रहा। इस बार के योग दिवस का आयोजन विशेष परिस्थिति में हम लोग कर रहे हैं। विगत वर्षों में जहां हम सार्वजनिक रूप से और लाखों लाखों की संख्या में लोग एकत्रित होकर एक साथ योगाभ्यास करते थे, इस वर्ष कोविड–19 के वजह से माननीय प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों से अनुरोध किया है कि हम सब लोग अपने घरों में योग करें।

कोविड–19 महामारी से बचने के लिए हमारी इम्यूनिटी मजबूत होना बहुत जरूरी है और योग के द्वारा हम अपनी इम्यूनिटी यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस अवसर पर मैं आप सब प्रदेश वासियों से अनुरोध करता हूं हम सभी विश्व योग दिवस के अवसर एक घंटा अवश्य योगाभ्यास करें। स्वयं भी निरोग रहे, स्वयं की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए और औरों को भी इसके लिए प्रोत्साहित करें।

**राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की दी शुभकामनाएंः** राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि योग एक प्राचीन परंपरा और आध्यात्मिक अनुशासन है, जिसमें तन, मन और प्रकृति के बीच एकात्म भाव स्थापित किया जाता है। योग न केवल तन–मन को स्वस्थ रखता है बल्कि मानव की संपूर्ण ऊर्जा को बनाये रखता है। राज्यपाल ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि करोना महामारी के कारण इस वर्ष सामूहिक योगाभ्यास के कार्यक्रम नहीं हो पा रहे हैं, लेकिन सभी लोग अपने–अपने घरों में योगाभ्यास करें। कई ऑनलाइन योग कार्यक्रम भी संचालित होंगे उसमे भी यथासंभव प्रतिभाग करें।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड योगभूमि भी है। विश्व के कई देशों से लोग हमारे राज्य में योग का प्रशिक्षण लेने आते हैं। कोविड–19 महामारी के दौर में योग, प्राणायाम एवं आयुर्वेद का महत्व बढ़ गया है। योग, प्राणायाम व आयुष मानव की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने सहायता करता है।

# शनिवार को फूटा कोरोना बम

**कहर**

■उत्तराखंड में दो बजे तक कोरोना के 101 नए मामले

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड में कोरोना वायरस का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। शनिवार को 101 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है, जिनमें 33 देहरादून, छह अल्मोड़ा, सात चमोली, एक हरिद्वार, दो पौड़ी गढ़वाल, चार रुद्रप्रयाग, 24 टिहरी गढ़वाल, 12 ऊधमसिंह नगर और 12 उत्तरकाशी के हैं। इसके बाद प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 2278 तक पहुंच गई है। हालांकि, इनमें से 1433 लोग पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं, जबकि 27 लोगों की मौत हो चुकी थी। वहीं, 803 केस एक्टिव हैं। आपको बता दें कि अबतक सबसे अधिक मामले 599 देहरादून, 370 टिहरी गढ़वाल और 361 नैनीताल में सामने आए हैं।

### दोबारा लिए जाएंगे सैंपल

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीसी रमोला ने कहा कि 33 स्वास्थ्य कर्मियों में से 17 की रिपोर्ट पॉजिटिव आना शक पैदा कर रहा है। इसे देखते हुए सभी के दोबारा से सैंपल लेकर कोरोना जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। उधर, देर रात जारी स्वास्थ्य बुलेटिन में भी इन मामलों का उल्लेख नहीं था।

**कोरोना पॉजिटिव एक और मरीज की मौतः** हल्द्वानी में कोरोना पॉजिटिव एक और मरीज की मौत हो गई है। अल्मोड़ा निवासी 66 वर्षीय महिला की तबीयत खराब हो चुकी थी। 14 जून को एसटीएच रेफर किया गया था। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि महिला की तबीयत गंभीर थी। शनिवार को उसकी मौत हो गई। वहीं जिले में पांच मरीजों की मौत हो चुकी है। इसमें एक चंपावत, दो अल्मोड़ा व एक नैनीताल जिले का मरीज था।

**उत्तरकाशी में 12 लोग कोरोना संक्रमितः** कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर 16 जून को लिए गए सैंपल में से कुल 57 सैंपल की रिपोर्ट प्राप्त मिली है, जिनमें से 45 की रिपोर्ट नेगेटिव और 12 सैंपल पॉजिटिव पाए गए हैं।

**रुद्रप्रयाग में महिला समेत चार लोग संक्रमितः** रुद्रप्रयाग जिले में कोरोना के चार और मामले सामने आए हैं। इममें तीन पुरुष और एक महिला शामिल है, जो जखोली ब्लॉक के हैं। ये चारों 16 जून को दिल्ली से वापस लौटे थे, जिसके बाद से ही वे संस्थागत क्वारंटाइन हैं।

**रुड़की के युवक में कोरोना की पुष्टिः** कोतवाली रुड़की क्षेत्र के डबल फाटक निवासी एक युवक में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। युवक 12 जून को करनाल हरियाणा से वापस लौटा था।

## लगातार जन विरोधी फैसले ले रही सरकारः महेश जोशी

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार लगातार जन विरोधी निर्णय ले रही है और उन्होंने सरकार की कार्य प्रणाली की निंदा की है। उंन्होने कहा कि सम्पूर्ण कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण काल के दौरान सरकार पिंजरे में कैद रही। वह कोरोना से इतनी भयभीत है कि अपने आवास से बाहर नही निकल पा रही है। उंन्होने कहा कि सरकार लगातार जन विरोधी निर्णय ले रही है। परिवहन व्यवस्था में किराये में दोगुनी तिगुनीबढ़ोतरी करके जनता पर भार डाल कर अविवेक पूर्ण निर्णय लिया है। ऐसी विकट परिस्थितियों में सरकार अपने स्तर पर परिवहन व्यवसायियों को राहत देने का कार्य करती तो अच्छा होता। कोरोना वायरस कोविड 19 काल में सरकार जनता को राहत देने की बजाय लगातार मूल्य वृद्धि कर आर्थिक तंगी से जूझ रहे आम जन मानस की परेशानियों में बढ़ोत्तरी करने का काम किया है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।